# प्रेस नोट

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात** **दिनांक- 28.07.2025**

## थाना रसूलाबाद पर गुमशुदा हुए 02 नफर बालकों के सम्बन्ध में पंजीकृत अभियोग का किया गया सफल अनावरण।

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात पुलिस द्वारा गुमशुदा की तलाश हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, दिनांक 15.07.2025 को वादी श्री राजेन्द्र कुमार पुत्र श्री मुरली प्रसाद निवसी गोपालपुर तालुका थाना रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात द्वारा 02 नाबालिग बच्चों के दिनांक 14.07.2025 को घर से चले जाने के सम्बन्ध में थाना रसूलाबाद पर मु0अ0सं0 0285/2025 धारा 137(2) बी0एन0एस0 पंजीकृत कराया गया था। जिसमें श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद कानपुर देहात श्री अरविन्द मिश्र द्वारा दोनों बच्चों की त्वरित बरामदगी कराए जाने हेतु दो पुलिस टीमों का गठन किया गया तथा तलाश के क्रम में पुलिस टीम द्वारा सर्विलांस टीम की मदद से कानपुर देहात कानपुर नगर एवं इटारसी (मध्य प्रदेश) आदि स्थानों तक तलाश किया गया। दौराने विवेचना लापता बालक 1. ज्ञान सिंह उर्फ चुन्गी पुत्र भगवानदीन उम्र करीब 17 वर्ष 2. कृष्णा पुत्र राजेन्द्र कुमार उम्र करीब 14 वर्ष निवासीगण ग्राम गोपालपुर तालुका थाना रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात क्रमशः अपने भाई सोनू एवं पिता राजेन्द्र कुमार (वादी मुकदमा), अन्य परिजनों व ग्राम वासियों के साथ आज दिनांक 28.07.2025 को उपस्थित थाना आये। जिनसे पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि हमारा पढाई में मन नहीं लगता है इसलिये हम दोनों अपनी इच्छा से घूमने व कमाने के लिये बम्बई चले गये थे। बम्बई पहुँचने से पूर्व साथ में ले जाये गये रुपये भी समाप्त हो गए थे। उनके साथ किसी भी प्रकार का अपराध का होना नहीं पाया गया। मुकदमा उपरोक्त में नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**बरामद करने वाली पुलिस टीम-**

थाना रसूलाबाद पुलिस ।